
# सरगम

## हिंदी की अभ्यास पुस्तिका

## भाग 3



सदन कुमार सिन्हा

सृजन पब्लिशर्स प्रा॰ लि॰

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | नयी किरण | 3 |
| 2. | सदुपयोग | 5 |
| 3. | बीरबल की खिचड़ी | 7 |
| 4. | क्यों-क्यों लड़की | 10 |
| 5. | लौहपुरुष | 13 |
| 6. | दो बैलों की कथा | 14 |
| 7. | उड़ना आया | 16 |
| 8. | फलों का राजा आम | 17 |
| 9. | नकल का नतीज़ा | 19 |
| 10. | साल शुरू हो | 21 |
| 11. | घाट बाबू | 22 |
| 12. | सुमन एक उपवन के | 24 |
| 13. | कौन बनेगा राजा | 25 |
| 14. | पिता ने सिखाया संगीत | 28 |
| 15. | तेनालीराम | 30 |
| 16. | फूल हमेशा मुस्काता | 31 |
| 17. | अनचाहे मेहमान | 32 |
| 18. | परीक्षा | 34 |
| 19. | चतुर मेढक | 37 |
| 20. | नन्हा मुन्ना राही | 39 |
| | **अपठित बोध** | 40 |

# 1. नयी किरण

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

हम हैं शिवा–प्रताप, रोटियाँ
भले घास की खाएँगे।
मगर किसी ज़ुल्मी के आगे,
मस्तक नहीं झुकाएँगे।

1. इन पंक्तियों में किन–किन महापुरुषों का नाम आया है?

_______________

_______________

2. बालक किसके आगे अपना मस्तक नहीं झुकाएगा?

_______________

_______________

3. वाक्य बनाओ –

(क) घास _______________

_______________

(ख) रोटी _______________

_______________

(ग) झुकाना _______________

_______________

(घ) खाना _______________

_______________

**II. इन संयुक्ताक्षरों से बने शब्द लिखो –**

1. प् + र = प्र – ____________________
2. क् + र = क्र – ____________________
3. स् + त = स्त – ____________________
4. ल् + म = ल्म – ____________________

**III. समझो और लिखो –**

1. नया ______ नयी ______ ______ नये ______
2. छोटा ____________________ ____________________
3. नन्हा ____________________ ____________________

**IV. सूरज के बारे में तीन बातें लिखो –**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

# 2. सदुपयोग

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

महात्मा बुद्ध रात में भिक्षु के कक्ष में पहुँचे और उससे पूछा, "अब तो तुम्हारे पास नया वस्त्र है लेकिन तुमने पुराने वस्त्र का क्या किया?"
भिक्षु ने नम्र होकर कहा, "जी, मैंने पुराने वस्त्र को अपना बिछौना बना लिया है।"
महात्मा बुद्ध ने पूछा, "तुमने पुराने बिछौने का क्या किया?"
भिक्षु ने बताया, "जी, मैंने पुराने बिछौने को पर्दा बनाकर कक्ष में टाँग दिया है।"

1. महात्मा बुद्ध भिक्षु के कक्ष में कब पहुँचे?

______________________________

______________________________

2. भिक्षु ने पुराने वस्त्र से क्या बना लिया था?

______________________________

______________________________

3. भिक्षु ने पुराने बिछौने का क्या किया था?

______________________________

______________________________

4. विलोम शब्द लिखो –

(क) नया ______________

(ख) रात ______________

(ग) अपना ______________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

महात्मा बुद्ध ने पूछा, "तो फिर उस पुराने पोंछे का क्या किया?" भिक्षु ने बताया, "जी, उस पुराने पोंछे को मैंने दीपक में जलने वाली बाती बना ली है। इस समय इस कक्ष में उसी बाती से रोशनी फैल रही है।" महात्मा बुद्ध के चेहरे पर मुस्कान छा गई। उन्होंने स्नेह से भिक्षु को आशीर्वाद दिया और अपने कक्ष में लौट गए।

1. महात्मा बुद्ध ने भिक्षु से किसके बारे में पूछा?

2. महात्मा बुद्ध ने क्या किया?

3. वाक्य बनाओ –

   (क) दीपक

   (ख) कक्ष

   (ग) मुस्कान

## III. इस पाठ से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

# 3. बीरबल की खिचड़ी

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

बीरबल का नाम तो तुमने सुना ही होगा। वे बादशाह अकबर के दरबार में मंत्री थे। वे बहुत ही होशियार और बुद्धिमान थे। बादशाह अकबर उन्हें बहुत मानते थे। वे हर काम के लिए बीरबल से परामर्श लिया करते थे।

1. बीरबल कौन थे?

______________________________

______________________________

2. बादशाह अकबर बीरबल को क्यों मानते थे?

______________________________

______________________________

3. इन शब्दों के मिलते–जुलते अर्थ वाले शब्द लिखो –

(क) बादशाह ______________

(ख) परामर्श ______________

(ग) काम ______________

(घ) बहुत ______________

4. वाक्य बनाओ –

(क) नाम ______________________________

______________________________

(ख) मंत्री ______________________________

______________________________

(ग) बहुत

(घ) होशियार

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

बादशाह यह देखकर बोले, "अरे! हाँडी इतनी ऊपर और आग एकदम नीचे! इस आग की गर्मी हाँडी तक पहुँच ही नहीं सकती। फिर खिचड़ी कैसे पकेगी?"

बीरबल बोले, "जहाँपनाह! जब दूर खड़े आदमी को राजमहल की बत्ती से गर्मी मिल सकती है तो इस आग की गर्मी हाँडी तक कैसे नहीं पहुँचेगी?"

1. बीरबल क्या कर रहे थे?

2. बादशाह ने ऐसा क्यों पूछा कि खिचड़ी कैसे पकेगी?

3. वाक्य बनाओ –

(क) गर्मी

(ख) आग

(ग) खिचड़ी

4. समझो और लिखो –

(क) देखना   देखकर

(ख) पकना   ______

(ग) बोलना   ______

(घ) पहुँचना   ______

## III. नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखो –

1. बीरबल बहुत होशियार थे। ______
2. वे खिचड़ी पका रहे थे। ______
3. हाँडी काफ़ी ऊपर टँगी थी। ______
4. वह महल के अंदर आया। ______

## IV. अपनी माता जी से पूछकर लिखो कि खिचड़ी बनाने के लिए क्या-क्या सामान चाहिए?

______

______

______

# 4. क्यों-क्यों लड़की

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

छोटी-सी लड़की थी वह, करीब दस साल की। एक बड़े-से साँप का पीछा कर रही थी। मैं उसके पीछे भागी, उसको पकड़कर बोली, "ना, मोइना, ना! काट लेगा!" मैं उसे आँगन तक घसीटकर लाई। वहाँ उसकी माँ खीरी एक टोकरी बुन रही थी।

1. लड़की का नाम क्या था?

_______________

2. लड़की क्या कर रही थी?

_______________

3. खीरी कौन थी?

_______________

4. वाक्य बनाओ –

(क) लड़की _______________

_______________

(ख) टोकरी _______________

_______________

(ग) साँप _______________

_______________

(घ) आँगन _______________

_______________

5. समझो और लिखो –

(क) घसीटकर ____घसीटना____ + ____कर____

(ख) हिलाकर ________ + ________

(ग) पकड़कर ________ + ________

(घ) भागकर ________ + ________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

एक साल बाद जब मैं उस गाँव में दोबारा पहुँची तो सबसे पहले सुनाई दी मोइना की आवाज़, "स्कूल क्यों बंद है?" समिति के स्कूल के अंदर एक बकरी को अपने साथ घसीटते हुए उसने मालती से पूछा।
"तुम जानती हो मोइना, मैं सुबह नौ से ग्यारह बजे तक कक्षा लगाती हूँ।"

1. मोइना क्या पूछ रही थी?

________________________________________

________________________________________

2. मालती ने क्या जवाब दिया?

________________________________________

________________________________________

3. वाक्य बनाओ –

(क) आवाज़ ________________________________

________________________________

(ख) स्कूल ________________________________

________________________________

(ग) कक्षा ________________________________

________________________________

4. विलोम शब्दों का मिलान करो –

| | | |
|---|---|---|
| (क) | सुबह | पहले |
| (ख) | बाद | खुला |
| (ग) | अंदर | शाम |
| (घ) | बंद | बाहर |

**III. नीचे दिए गए वाक्यों में काम वाले शब्द चुनकर लिखो –**

1. मैं उसके पीछे भागी। ______________
2. बाबू की बकरियाँ कौन लाएगा? ______________
3. तुम समिति की कक्षा में क्यों नहीं जाते? ______________
4. खीरी ने मोइना को अपने पास बिठाया। ______________

**IV. समान अर्थ वाले शब्द लिखो –**

1. पेड़ ______________
2. पानी ______________
3. साँप ______________
4. बच्चा ______________

**V. मोइना के बारे में दो बातें लिखो।**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 5. लौहपुरुष

**I.** इस पाठ का सार लिखो।

**II.** सरदार पटेल की मृत्यु होने पर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने क्या कहा था?

# 6. दो बैलों की कथा

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

झूरी के पास दो बैल थे। उनके नाम थे हीरा और मोती। दोनों में बहुत प्यार था। वे नाँद में एक साथ मुँह डालते और एक साथ मुँह हटाते। झूरी भी उनके चारे–पानी का बड़ा ध्यान रखता। वह कभी भी उन्हें मारता–पीटता नहीं था। इस कारण दोनों बैल भी झूरी को बहुत प्यार करते थे।

1. झूरी किनका ध्यान रखता था?

______________________________

______________________________

2. किस बात से पता चलता है कि हीरा और मोती में बहुत प्यार था?

______________________________

______________________________

3. रिक्त स्थान भरो –

(क) झूरी के पास दो ______________ थे।

(ख) दोनों बैलों में बहुत ______________ था।

(ग) झूरी बैलों के लिए ______________ में चारा–पानी डालता था।

(घ) झूरी अपने बैलों को मारता या ______________ नहीं था।

4. वाक्य बनाओ –

(क) बैल ______________________________

______________________________

(ख) प्यार ______________________________

______________________________

(ग) ध्यान

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

बैलों को वापस देखकर झूरी को बड़ी खुशी हुई। वह उनसे लिपट गया। इतने में व्यापारी भी वहाँ आ पहुँचा। मोती ने आव देखा न ताव, वह व्यापारी पर झपटा। व्यापारी जान बचाकर वहाँ से भागा। झूरी की पत्नी भी वहाँ आ गई और उसने दोनों बैलों के माथे चूम लिए।

1. पंक्तियाँ पूरी करो –
   (क) झूरी ने जब बैलों को वापस देखा तो
   (ख) व्यापारी को देखकर मोती
   (ग) झूरी की पत्नी ने दोनों
2. वाक्य बनाओ –
   (क) खुशी
   (ख) व्यापारी
   (ग) चूमना
   (घ) लिपटना

## III. नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखो –

1. उसके पास दो बैल थे।
2. झूरी उन्हें बहुत प्यार करता था।
3. नाँद में कुछ नहीं बचा था।

# 7. उड़ना आया

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

मैं नीले अज्ञात गगन की,
सुनता हूँ अनिवार पुकार,
कोई अंदर से कहता है,
उड़ जा, उड़ता जा पर मार,
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?

1. चिड़िया का बच्चा अपनी माँ से क्या पूछ रहा है?

_______________________________________________

_______________________________________________

2. समझो और लिखो –

(क) अज्ञात ____अ____ + ____ज्ञात____

(ख) असफल ________ + ________

(ग) अचल ________ + ________

(घ) अडिग ________ + ________

3. समान अर्थ वाले दो-दो शब्द लिखो –

(क) गगन ________ ________

(ख) चिड़िया ________ ________

**II. आसमान में उड़ने वाली आठ चिड़ियों के नाम लिखो –**

________ ________ ________ ________

________ ________ ________ ________

# 8. फलों का राजा आम

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

आम को 'फलराज' कहा जाता है। अपने अनोखे स्वाद और गुण के कारण आम सचमुच फलों का राजा है।
भारत में भरपूर आम पैदा होता है। यहाँ आम की लगभग 1100 किस्में पाई जाती हैं। अपने रंग–रूप या किसी विशेष स्थान पर पैदा होने के कारण यह कई नामों से जाना जाता है, जैसे – कंचन, मीनाक्षी, दशहरी, नीलम, चौसा, लँगड़ा, अल्फ़ाँसो, मालदा, बंबइया, सफ़ेदा, सिंदूरी, तोतापरी, आदि।

1. आम को फलों का राजा क्यों कहा जाता है?

______________________________

______________________________

2. आम के कोई आठ नाम लिखो।

________ ________ ________ ________

________ ________ ________ ________

3. वाक्य बनाओ –

(क) स्थान ______________________________

______________________________

(ख) राजा ______________________________

______________________________

(ग) रूप ______________________________

______________________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

हाँ, एक बात का ध्यान देना आवश्यक है। संस्कृत भाषा में एक कहावत है, 'अति सर्वत्र वर्जयेत' अर्थात् अच्छी-से-अच्छी चीज़ों की अधिकता भी बुरी होती है। बिना सोचे-समझे अधिक आम खा लेने पर अतिसार और दस्त जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं। अतः हमें स्वाद के चक्कर में न पड़कर, सीमित मात्रा में ही आम खाने चाहिए।

1. 'अति सर्वत्र वर्जयेत' का अर्थ लिखो।

______________________________

______________________________

2. अधिक आम खाने से होने वाली दो प्रकार की बीमारियों के नाम लिखो।

______________________________

3. इन शब्दों से एक-एक नया शब्द बनाओ –

(क) अधिक ____________

(ख) सीमा ____________

(ग) बुरा ____________

## III. आम के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 9. नकल का नतीज़ा

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

राजा सुगनामल के दरबार में एक दरबारी थे–चतुरसेन। चतुरसेन बुद्धिमान व्यक्ति थे। राजा कई बातों में उनसे राय लेते रहते थे।

एक बार राजा अपने किसी संबंधी के यहाँ भोज पर गए। राजा अपने साथ चतुरसेन को भी ले गए थे। वहाँ तरह–तरह के पकवान परोसे गए थे।

1. राजा किनसे राय लेते रहते थे?

______________________

______________________

2. राजा के साथ चतुरसेन कहाँ गए थे?

______________________

______________________

3. इन शब्दों से एक–एक नया शब्द बनाओ –

(क) दरबार ______________

(ख) बुद्धिमान ______________

(ग) संबंध ______________

4. वाक्य बनाओ –

(क) भोज ______________________

______________________

(ख) पकवान ______________________

______________________

(ग) व्यक्ति

(घ) दरबार

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

राजा चतुरसेन की स्मरण–शक्ति से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अपने गले से मोतियों की माला उतारकर उन्हें पहना दी। दरबार में बैठे कुछ दरबारियों को लगा कि महाराज को कढ़ी बहुत प्रिय है। उन्होंने दूसरे ही दिन बढ़िया कढ़ी तैयार करवाई और दरबार में कढ़ी से भरी हाँडी लेकर हाज़िर हो गए।

1. राजा ने चतुरसेन को मोतियों की माला क्यों पहनाई?

2. दरबारियों ने क्या किया?

3. रेखांकित शब्दों के वचन लिखो –

   (क) राजा ने मोतियों की माला चतुरसेन को पहना दी।

   (ख) दरबार में कई लोग बैठे थे।

   (ग) दरबारियों ने कढ़ी बनवाई।

   (घ) हाँडी में कढ़ी थी।

## III. चतुरसेन के बारे में दो बातें लिखो।

# 10. साल शुरू हो

**I.** इस कविता को अपने शब्दों में लिखो।

**II.** बताओ कि इस कविता में तुम्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी?

# 11. घाट बाबू

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

कालीश बाबू के पास ढेरों किताबें थीं। अनादि उन किताबों को पढ़ा करता। मैं भी अनादि के घर जाकर वह सब पढ़ता।

धीरे-धीरे हम स्कूल से कॉलेज पहुँच गए। वहाँ से भी निकलकर, कौन कहाँ गया, पता नहीं। अनादि के माता-पिता नहीं रहे। वह विदेश भ्रमण को निकल पड़ा। उसकी हवेली एक व्यापारी ने खरीद ली।

1. कालीश बाबू कौन थे?

______________________________

2. अपने माता-पिता का देहांत हो जाने के बाद अनादि ने क्या किया?

______________________________

______________________________

3. इन वाक्यों में से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखो –

(क) मैं अनादि के घर गया। ______________

(ख) हम कॉलेज में पढ़ने लगे। ______________

(ग) वह विदेश चला गया। ______________

(घ) उसकी हवेली बिक गई। ______________

(ङ) क्या तुमने अनादि के बारे में सुना है? ______________

4. समान अर्थ वाले दो-दो शब्द लिखो –

(क) घर ______________ ______________

(ख) माता ______________ ______________

(ग) पिता ______________ ______________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

मास्टर जी ने बताया, "उस पत्र में टॉल्सटॉय ने आठ वर्ष के एक बालक को सलाह दी थी कि लेखक बनने से ज़्यादा आवश्यक है मनुष्य बनना। और, मनुष्य बनने के लिए उसे चाहिए कि वह सबसे प्रेम करे, सबकी सेवा करे।" इसके बाद मास्टर जी एकदम से बोल पड़े, "वह देखिए, घाट बाबू आ रहे हैं।"

1. टॉल्सटॉय ने किसे सलाह दी थी?

______________________________

______________________________

2. मनुष्य बनने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

______________________________

______________________________

______________________________

3. वाक्य बनाओ –

(क) बालक ______________________________

______________________________

(ख) प्रेम ______________________________

______________________________

(ग) सेवा ______________________________

______________________________

## III. तुम बड़े होकर क्या बनना चाहोगे?

______________________________

______________________________

______________________________

# 12. सुमन एक उपवन के

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

रंग–रंग के रूप हमारे,
अलग–अलग हैं क्यारी–क्यारी,
लेकिन हम सबसे मिलकर ही,
है उपवन की शोभा सारी।

1. कवि ने उपवन किसे कहा है?

_______________

_______________

2. उपवन की शोभा किससे होती है?

_______________

3. वाक्य बनाओ –

(क) शोभा _______________

_______________

(ख) रूप _______________

_______________

**II. समझो और लिखो –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. हमारा | हमारी | हमारे |
| 2. तुम्हारा | ________ | ________ |
| 3. उसका | ________ | ________ |
| 4. मेरा | ________ | ________ |

# 13. कौन बनेगा राजा

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

एक दिन राजा ने अपने बेटों को बुलाकर कहा, "तुम तीनों अच्छे घुड़सवार हो। तुम सब कुछ ऐसे करतब दिखाओ ताकि हम तुममें से किसी एक को भावी राजा चुन सकें।"
तीनों ने राजा-रानी को प्रणाम किया और अपने घोड़ों के पास चले गए।

1. राजा ने किसे बुलाया?

   ______________________________

   ______________________________

2. राजकुमारों ने क्या किया?

   ______________________________

   ______________________________

3. लिंग बदलकर लिखो –

   (क) बेटा ______________

   (ख) राजा ______________

   (ग) घोड़ा ______________

4. वाक्य बनाओ –

   (क) घुड़सवार ______________________________

   ______________________________

   (ख) प्रणाम ______________________________

   ______________________________

(ग) करतब

(घ) चुनना

(ङ) बुलाना

**II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

और अब बारी थी तोंबा की। उसने भी पेड़ की ओर घोड़ा दौड़ाया और पलक झपकते ही उसे जड़ से उखाड़ डाला। उसने पेड़ को उठाया और राजा-रानी के सामने लाकर रख दिया।

जनता 'वाह-वाह' कहने लगी लेकिन राजकुमारी तोंबी चिल्ला उठी, "पेड़ मर गया!" इतना कहकर वह सुबकने लगी।

चारों ओर सन्नाटा छा गया।

1. तोंबा कौन था?

2. तोंबा ने क्या किया?

3. तोंबी क्यों सुबकने लगी?

4. वाक्य बनाओ –

   (क) जड़

(ख) सन्नाटा ____________________

____________________

(ग) उखाड़ना ____________________

____________________

(घ) उठाना ____________________

____________________

(ङ) चिल्लाना ____________________

____________________

**III. इस पाठ में से चार जातिवाचक संज्ञा और चार व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द चुनकर लिखो –**

| **जातिवाचक संज्ञा** | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

**IV. इस पाठ से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?**

____________________

____________________

____________________

____________________

# 14. पिता ने सिखाया संगीत

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

लखनऊ से हमलोग दिल्ली आ गए थे। मेरे पिता जी पंडित अच्छन महाराज दिल्ली के 'संगीत भारती' नामक स्कूल में शिक्षक बन गए। पिता जी के साथ मैं भी स्कूल जाता था। स्कूल में पिता जी बड़े लड़कों को जो सिखाते थे, मैं वह तालीम याद कर लेता था। घर आकर पिता जी से कहता, "बाबू जी, आप उनको जो सिखा रहे थे, मैं करके दिखाऊँ?"

1. बिरजू महाराज के पिता कौन थे?

   ______________________

2. पिता जी के साथ बिरजू महाराज कहाँ जाते थे?

   ______________________

   ______________________

3. रेखांकित शब्दों का शब्द–भेद लिखो –

   (क) <u>हमलोग</u> दिल्ली आ गए थे। ______

   (ख) पिता जी संगीत के <u>शिक्षक</u> थे। ______

   (ग) उन्होंने नाच <u>दिखाया</u>। ______

   (घ) <u>लखनऊ</u> उत्तर प्रदेश की राजधानी है। ______

4. वाक्य बनाओ –

   (क) शिक्षक ______________________

   ______________________

   (ख) स्कूल ______________________

   ______________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

मैं सीधा–सादा बच्चा था। शैतानियाँ नहीं करता था। हाँ, मैं पतंगें खूब उड़ाता था। दोपहर हो, धूप हो, कोई परवाह नहीं! मैं पतंग लिए घर से निकल पड़ता था। इसके कारण अम्मा की डाँट भी खानी पड़ती थी। माँ से जुड़ी एक बात मुझे याद आ रही है। एक बार मैंने मुंबई में मिलिट्री ड्रेस खरीदी थी। उसको पहने मैं लखनऊ तक चला आया कि अम्मा को दिखानी है।

1. बचपन में बिरजू महाराज को क्या शौक था?

_______________________________________________

_______________________________________________

2. मिलिट्री ड्रेस खरीदने पर बिरजू महाराज ने क्या किया?

_______________________________________________

_______________________________________________

## III. इन वाक्यों में बताओ कि रेखांकित शब्द कर्ता है या कर्म –

1. बिरजू महाराज ने <u>नाच</u> दिखाया। ______________
2. <u>उन्होंने</u> एक ड्रेस खरीदी। ______________
3. मेरे <u>पिता</u> दिल्ली में पढ़ाने लगे। ______________
4. वह <u>पतंग</u> उड़ा रहा था। ______________
5. <u>माँ</u> ने उन्हें खूब डाँटा। ______________

## IV. तुम स्कूल में क्या-क्या सीखते हो? बताओ।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

# 15. तेनालीराम

I. इस पाठ का सार लिखो।

II. इस पाठ से तुम्हें क्या संदेश मिलता है?

# 16. फूल हमेशा मुस्काता

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

पत्तों की गोदी में रहकर,
फूल हमेशा मुस्काता,
काँटों की नोकों को सहकर,
फूल हमेशा मुस्काता।

1. फूल हमेशा क्या करता है?

______________________________

______________________________

2. फूल हमें क्या संदेश देता है?

______________________________

______________________________

3. फूल के दो समानार्थी शब्द लिखो।

______________

______________

**II. इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 17. अनचाहे मेहमान

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

पंडित रमादीन एक भले इनसान थे। उनकी एक आदत थी जिससे पंडिताइन हमेशा परेशान रहती थी। होता यह था कि पंडित जी रोज़ किसी–न–किसी को अपने घर पर खाने का न्यौता दे देते। बेचारी पंडिताइन को रोज़ ही दो–चार लोगों का खाना बनाना और उन्हें खिलाना पड़ता था।

1. पंडिताइन किस बात से परेशान रहती थी?

______________________________

______________________________

2. पंडिताइन को क्या करना पड़ता था?

______________________________

______________________________

3. समझो और लिखो–

(क) खाना ______ खिलाना ______

(ख) बनना ______________

(ग) देना ______________

4. वाक्य बनाओ –

(क) न्यौता ______________________________

______________________________

(ख) परेशान ______________________________

______________________________

**II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

उधर पंडिताइन एक मूसल बैठकखाने में रखकर उसपर लाल चंदन का टीका लगाने लगी। मेहमानों ने पंडिताइन को ऐसा करते देखा तो उन्हें हैरानी हुई। एक मेहमान ने पंडिताइन से इसके बारे में पूछ ही लिया। पंडिताइन ने बताया, "पंडित जी अपने मेहमानों के रक्त से अपनी पूजा–अर्चना करते हैं। सिर पर वार करने के लिए वे इसी मूसल का इस्तेमाल करते हैं।"

1. पंडिताइन ने मूसल को कहाँ रखा?

_______________

_______________

2. मेहमानों को क्या देखकर हैरानी हुई?

_______________

_______________

3. समझो और लिखो –

(क) बैठक + खाना = बैठकखाना

(ख) दवा + खाना = _______________

(ग) कार + खाना = _______________

(घ) जेल + खाना = _______________

**III. जब मेहमानों ने पंडित को मूसल लेकर आते देखा तो उन्होंने क्या सोचा होगा? अनुमान से लिखो।**

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

# 18. परीक्षा

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

**द्रोणाचार्य** – ठहरो! क्या तुम उस चिड़िया को देख रहे हो?
**युधिष्ठिर** – हाँ, गुरुदेव!
**द्रोणाचार्य** – क्या तुम उस पेड़ को भी देख रहे हो?
**युधिष्ठिर** – हाँ गुरुदेव! पेड़ भी साफ़-साफ़ दिखाई पड़ रहा है।
**द्रोणाचार्य** – क्या तुम्हें उस पेड़ के पत्ते, फल और फूल भी दिखाई दे रहे हैं?
**युधिष्ठिर** – हाँ गुरुदेव! मुझे सब कुछ दिखाई दे रहा है।

1. द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से सबसे पहले क्या पूछा?

2. युधिष्ठिर को क्या-क्या दिखाई दे रहा था?

3. वाक्य बनाओ –

(क) फूल

(ख) पत्ता

(ग) मुझे

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

| | | |
|---|---|---|
| **द्रोणाचार्य** | – | आओ अर्जुन! अब मैं तुम्हारी परीक्षा लेना चाहता हूँ। |
| **अर्जुन** | – | जो आज्ञा गुरुदेव! (आगे बढ़कर धनुष सँभालते हैं।) |
| **द्रोणाचार्य** | – | अर्जुन, तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? |
| **अर्जुन** | – | गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आँख की पुतली ही दिख रही है। |
| **द्रोणाचार्य** | – | (खुश होते हुए) शाबाश, अर्जुन! अब तुम बाण चलाओ। |

1. द्रोणाचार्य ने अर्जुन से सबसे पहले क्या कहा?

_______________________________________________

_______________________________________________

2. अर्जुन को क्या-क्या दिख रहा था?

_______________________________________________

_______________________________________________

3. द्रोणाचार्य ने अर्जुन को क्या आदेश दिया?

_______________________________________________

4. वाक्य बनाओ –

(क) परीक्षा _______________________________________________

_______________________________________________

(ख) आँख _______________________________________________

_______________________________________________

(ग) बाण _______________________________________________

_______________________________________________

(घ) शाबाश _______________________________________________

_______________________________________________

## III. विराम चिह्न लगाकर वाक्यों को दोबारा लिखो –

1. युधिष्ठिर भीम और दुर्योधन वहाँ खड़े थे

2. क्या तुम उस चिड़िया को देख रहे हो

3. नहीं मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है

4. तुम बाण चला सकते हो

## IV. इस पाठ से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

# 19. चतुर मेढक

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

एक दिन एक बाघ को रास्ते में एक मेढक मिल गया। बाघ ने मेढक को खाना चाहा। मेढक था चतुर, वह हँसकर बोला, "मैं तो यहाँ का राजा हूँ। तुम मुझे कैसे खा सकते हो?"
बाघ गुर्राया, "क्या बकते हो?"

1. बाघ की मुलाकात किससे हुई?

   ______________________

2. बाघ ने गुर्राकर क्या कहा?

   ______________________

   ______________________

3. समझो और लिखो –

   (क) गुर्राना ______________

   (ख) मिलना ______ गुर्राया ______

   (ग) हँसना ______________

4. वाक्य बनाओ –

   (क) चतुर ______________________

   ______________________

   (ख) गुर्राना ______________________

   ______________________

   (ग) बाघ ______________________

   ______________________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –

यह सुनते ही बाघ का दिल तेज़ी से धड़कने लगा। उसने देखा कि मेढक के मुँह में कुछ बाल दबे हैं। बाघ को और अच्छी तरह से धमकाने के लिए मेढक बोला, "कल ही मैंने एक बाघ को मारकर खाया था, देखो ये रहे उसके बाल!"

मेढक की बात सुनते ही बाघ भयभीत होकर भाग गया।

1. बाघ ने क्या देखा?

   ______________________________

   ______________________________

2. मेढक की बात सुनकर बाघ ने क्या किया?

   ______________________________

3. वाक्य बनाओ –

   (क) बाल ______________________________

   ______________________________

   (ख) भयभीत ______________________________

   ______________________________

## III. इन वाक्यों में रेखांकित शब्दों के भेद लिखो –

1. <u>बाघ</u> जंगल का राजा होता है। ______________
2. बाघ <u>नाला</u> पार कर गया। ______________
3. <u>उसने</u> छलाँग लगा दी। ______________
4. रास्ते में उसे सियार <u>मिला</u>। ______________
5. <u>मेढक</u> ने बाघ को डरा दिया। ______________
6. मेढक समझ गया कि <u>दाल</u> में कुछ काला है। ______________
7. <u>हम</u> अपनी पूँछें बाँध लेंगे। ______________

# 20. नन्हा मुन्ना राही

I. इस कविता की जो पंक्तियाँ तुम्हें सबसे अच्छी लगीं, उन्हें लिखो।

II. 'तिरंगा झंडा' के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

# अपठित बोध

**नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

एक बार बादशाह अकबर की अँगूठी गुम हो गई। बादशाह ने वह अँगूठी एक संदूक में रखी थी। किसी दरबारी ने ही वह अँगूठी संदूक में से निकाल ली थी। बादशाह ने बीरबल को आदेश दिया, "बीरबल! शीघ्र ही अँगूठीचोर को पकड़कर मेरे सामने हाज़िर करो।"

बीरबल ने चतुराई से काम लिया। वे संदूक के पास गए और कान सटाकर कुछ सुनने लगे। कुछ देर बाद उन्होंने कहा, "महाराज! संदूक बोल रहा है कि अँगूठीचोर की दाढ़ी में तिनका है।"

बीरबल की बात सुनकर एक दरबारी ने अपना हाथ दाढ़ी पर फेरा। बीरबल समझ गए कि वही दरबारी अँगूठीचोर है।

1. बादशाह अकबर ने अँगूठी कहाँ रखी थी?

2. बीरबल ने संदूक के पास जाकर क्या किया?

3. बीरबल ने क्या कहा?

4. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो –
   (क) तिनका
   (ग) अँगूठी